हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



# खुले में खतरा: वर्षा में हादसे को दावत दे रहे सेप्टिक टैंक के सैकड़ों गड्ढे

## टाउनशिप व पटरीपार इलाके के सैकड़ों सेप्टिक टैंक में नहीं हैं कव्हर, गड्ढों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप और पटरीपार के रिहायशी इलाकों और व्यस्ततम सड़कों के किनारे सैकड़ों खुले सैप्टिक टैंक और बोरिंग के गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। गड्ढों में कव्हर नहीं होने से बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना के साथ गंदगी और संक्रामक बीमारी का अंदेशा भी बना हुआ है। इस मामले में बीएसपी और नगर निगम पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों और पार्षदों ने जल्द सभी मेनहोल में कवर लगाने की मांग की है।

मानसून ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा परेशानी आवाजाही और सार्वजनिक स्थलों के आसपास जगह जगह खुले गड्ढों से है। बीएसपी टाउनशिप के साथ पटरीपार के नगर निगम क्षेत्रों में गटर और बोरिंग के गड्ठे खुले में खतरा साबित हो रहे हैं। टाउनशिप में ऐसे खुले गटर की संख्या दस बीस नहीं बल्कि सैकड़ों बल्कि हजारों में है। अधिकतर सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे बेकलेन में स्थित सेप्टिक टैंक में कवर गायब हैं। सेक्टर 2, सेक्टर 3, 6,7 सेक्टर 8 और रिसाली व मड़ौदा सेक्टर सहित आफिसर कालोनी सेक्टर 10 व सेक्टर 9 तक में जगह जगह ऐसे गटर के गड्ठे हैं, जिनमें वर्षों से ढक्कन यानी कव्हर नहीं हैं। यह टैंक करीबन 5 फीट गहरे और तीन फीट चौड़े हैं। पिछले तीन दिन से हो रही बारिश से अधिकतर गटर के गड्ठों में पानी भर गया है। यूनियनों ने बताया कि गटर में लबालब भरे गटर से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इनमें बछड़े, सूअर, कुत्ते व बिल्ली आदि आवारा मवेशी गिरते रहते हैं । वहीं रोज खाली बोतलें व प्लास्टिक आदि बीनने आने वाले बच्चों और रहवासियों के भी छोटे बच्चों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। सीवेज की गंदगी व बदबू से संक्रामक बीमारी की भी आशंका बनी हुई है। एटक यूनियन के महासचिव वीके सोनी ने बताया कि कई बार सभी खुले सेप्टिक टैंकों में कवर लगाने की मांग की गई है। अभी बारिश में दुर्घटना व गंदगी को देखते हुए गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

### पंद्रह साल पूर्व सर्वे में 5 हजार बिना कवर वाले गटर होल

टाउनशिप के कई सेक्टरों में सड़कों के किनारे, बाजारों, स्कूलों व भवनों के पीछे या निकटस्थ कई गटर खुले हुए हैं। सेक्टर 6 में डी मार्केट के सामने वाली सड़क किनारे और प्रियदर्शनी अंडरब्रिज रोड में पुराने स्कूल के किनारे 2 गटर के कवर नहीं हैं। सेक्टर 3 में फ्लाइओवर के निकट व सेक्टर 7 में कल्याण कालेज रोड में 3 सेप्टिक टैंक कवर नहीं होने से पानी भरा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2009 में पीएचडी द्वारा करवाए गए सर्वे में पूरे टाउनशिप में 5 हजार गटर ऐसे थे, जिनके ढक्कन नहीं थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी में कवर लगाने का सुझाव दिया गया था। पंद्रह साल बाद भी खुले मे खतरा बने हुए हैं।



### पटरीपार में भी बोरिंग के गड्ढों में पानी

टाउनशिप की तरह पटरीपार के निगम क्षेत्र में भी आवाजाही वाले क्षेत्रों ऐसे कई गड्ढे हैं, जो बारिश में हादसे को दावत दे रहे हैं। इनमें सेप्टिक टैंक के मेनहोल, इंटकवेल टैंक में कवर नहीं हैं। जल स्तर कम होने वाले बोरिंग के गड्ठों और नए हैंडपंप के लिए खोदे गए कई गड्ठों में बारिश में पानी भर जाता है। फोरलेन के किनारे स्लम कृष्णानगर व संजय नगर में कई बोरिंग में जल स्तर कम होने पर बस्ती के लोगों ने तीन से 5 फीट गहरे गड्ठे खोदे हैं। इनमें बर्तन रखकर महिलाएं नीचे नल से पानी भरती हैं। रहवासियों ने बताया कि यह गड्ढे बारिश में लबालब हो जाते हैं। दस साल पूर्व एक बच्ची के डूबने की घटना भी हुई थी।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गुरुवार को एक ठेका मजदूर की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। खुर्सीपार वार्ड 32 बालाजी नगर निवासी जनक लाल वर्मा 54 वर्ष एसएमएस -2 में मजदूरों के साथ क्लीनिंग का कार्य कर रहा था। बताते हैं कि अचानक असहज व बेचैनी महसूस करने से लड़खड़ाने लगा। उसके साथ उसे संभाल पाते इसके पहले ही वह चक्कर खाकर नीचे गिरने लगा। उसे तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे ब्राडडेड घोषित कर दिया। उसके शव को सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी में रखवाया गया है। पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### सीटू ने देशव्यापी हड़ताल को सफल बताया

**भिलाई।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू ने नौ जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बताते हुए कहा कि किसानों, खेतिहर मजदूरों और श्रमिकों की एकजुटता से ही आंदोलन को कामयाबी मिली। इस हड़ताल से मजदूर वर्ग ने चेतावनी दिया कि महंगाई निजीकरण व मजदूरी संहिता के नाम पर आधुनिक गुलामी को स्वीकार नहीं करेंगे। भिलाई के मजदूर वर्ग के साथ देश के 25 करोड़ से ज्यादा मजदूरों ने भागीदारी की इस हड़ताल में रही। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि मोदी सरकार और कॉर्पोरेट ताकतों को संदेश दिया है कि श्रमिकों के अधिकारों का दमन और शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश में शहर को व्यवस्थित करने में छूट गए थे पसीने

# सड़कों पर बारिश में अवरोध बने मटेरियल ठेकेदारों की मनमानी पर नगरनिगम मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन की मूसलाधार बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। छोटे-बड़े नाले इतने ऊफान पर आ गए कि निगमों को निकासी व्यवस्था बनाने में पसीने छूट गए। लोगों के घरों में और सड़कों पर पानी ऐसा फैल गया कि आवागमन में दिक्कतें खड़ी हो गई। लोगों को उन स्थानों पर भी परेशानी से जूझना पड़ा जहां सड़कों पर मटेरियल पड़ा था। लेकिन निगमों की मेहरबानी ठेकेदारों पर ऐसी बनी हुई है कि न मटेरियल हटवाया और न ही कोई उपाय किए। लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं।

### बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं पर भी कार्रवाई नहीं

रिसाली के मरोदा ओवरब्रिज नीचे के आसपास ब्लिडिंग मटेरियल विक्रेताओं ने सड़कों में मटेरियल डालकर दुकानदारी कर रहे हैं। हाल यह है कि बीआरपी साइड की ओवरब्रिज के नीचे बकायदा एक दुकानदार में लंबा-चौड़ा कब्जा कर रखा है। सीजनल सामान बेचता है। इसी के नीचे ब्लिडिंग मटेरियल का स्टॉक एकत्र होता है। इससे दूसरे एप्रोच रोड पर बांस का पूरा लॉट का स्टॉक रहता है। उतई की ओर ओवरब्रिज से जैसे ही नीचे उतरेंगे सड़क किनारे कब्जे ही कब्जे हैं। फल फ्रूट , हॉटल से लेकर कई दुकानें संचालित है। यह कब्जा बढ़ता ही जा रहा है।

### लोगों की आवाजाही हो गई है मुश्किल, दुर्घटनाएं भी हो रही

#### गिट्टी और रेत सड़क पर



यह तस्वीर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सामने की है। नेशनल हाइवे रोड है और भिलाई निगम के सामने की नाला निकासी कार्य चल रहा है। महीनों से यह कार्य हो रहा है। इस कार्य का ठेका निगम ने दिया है। नाला बनाने के लिए गिट्टी, रेती जैसे मटेरियल नेशनल हाइवे सड़क पर रखा गया है। बारिश हुई तो यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया। काम हो रहे हैं लेकिन नियमों का पालन नहीं हो रहा। वर्क स्थल पर लोगों को जानकारी मिले ऐसा कोई संकेतक बोर्ड या रेड रिबन का घेरा भी नहीं किया गया है। जिसकी वजह से अचानक दुपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। उसके बाद भी न ठेकेदार ने मटेरियल को व्यवस्थित करने की कोशिश की और न ही निगम ने ठेकेदार को कोई निर्देश दिए।

#### रिसाली नाला के पास मलबा डंप



यह तस्वीर रिसाली निगम क्षेत्र की है। सांई मंदिर के सामने व रिसाली सेक्टर मार्ग किनारे करीब आधा किलोमीटर लंबी काली मिट्टी का ढ़ेर लगा हुआ है। बारिश हुई तो मिट्टी बहकर सड़क पर आ गई। मिट्टी ने सेक्टर एरिया से आने वाले जलभराव को आगे बढ़ने से रोक दिया। जब निगम की टीम जेसीबी लेकर आई तो बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था ठीक से नहीं बना पाए। दरअसल सड़क किनारे से बीएसपी द्वारा शिवनाथ नदी से बीएसपी के लिए पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछवाई जा रही है। इस काम को बारिश से पहले ही पूरा करना था लेकिन ठेकेदार ने इसे अधूरा छोड़ दिया है। रिसाली गांव से होकर यह पाइप लाइन गुजर रही है। यहां भी काम सरस्वती नगर से आगे की ओर छोड़ दिया गया है। भरी बारिश में लोगों को आवागमन के लिए जूझना पड़ रहा है।

#### पत्र लिखा है

बीएसपी को हमने पत्र लिखा है कि रिसाली सड़क किनारे की मिट्टी को हटाने की कार्रवाई करें। बारिश में यहां पानी निकासी के लिए काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। यह कार्य बीएसपी के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम



## बांधों के पानी से शिवनाथ में बाढ़ सेमरिया पुल डूबा आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

विभिन्न जलाशयों से शिवनाथ नदी में पानी प्रवाहित किए जाने के कारण इस बरसात के सीजन में भाटापारा मार्ग स्थित सेमरिया नदी एक बार फिर पुनः पुल डूब गया है, यह नदी सेमरिया का 50 वर्षीय पुराना पुल शिवनाथ के रौद्र रूप से पुरी तरह डूब चुका है। फलस्वरूप इस बरसात में पहली बारिश में ही सेमरिया पुल के डूब जाने से लोगों का संपर्क भाटापारा शहर का सीधा सड़क संपर्क बिलासपुर, पथरियां, मारो, नारायणपुर, बैतलपुर , सरगांव, नवागढ़, बेमेतरा, पुटपुरा, अमलडीहा सहित सैकड़ों गांवों से लोग आना जाना करते हैं,जिसका यह संपर्क मार्ग सेमरिया पुल डूब जाने के कारण लोगों को जाने के लिए लोगों को भाटापारा जाने के लिए नांदघाट से होकर जाना पड़ रहा है, जिसके चलते भाटापारा आने- जाने के लिए लोगों को भारी समय का सामना करना पड़ रहा है, व उसका समय अधिक लग रहा है।

यह पुल एक लंबे समय से क्षेत्रवासी 50 वर्षीय पुराने पुल के स्थान पर उच्चस्तरीय नये पुल निर्माण की मांग लोग लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं, और विष्णु देव सरकार के पहले बजट में भी सेमरिया पुल पर एक उच्चस्तरीय पुल के लिए बजट में उल्लेख किया गया था लेकिन यह एक नये पुल निर्माण कार्य के संबंध में अब तक करवाई नहीं होने के चलते यह पुल हर साल डुब जाता है।

## टाउनशिप में जलभराव से बढ़ी समस्या, बैकलेन सफाई और अवैध निर्माण हटाने इंटक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन दिन की लगातार बरसात से पानी पानी हुई टाउनशिप में जलभराव की विकट समस्या से लोग जूझते रहे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक बारिश के कारण बीएसपी क्वार्टरों में पानी भरने पर चिंता जताते हुए प्रबंधन से जल निकासी के लिए तत्काल बेकलेन की सफाई और अवैध निर्माण हटाने की मांग की है।

यूनियन की कार्यकारिणी की गुरुवार को हुई बैठक हुई बारिश के चलते टाउनशिप में जगह जगह जलजमाव और इससे लोगों को होने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई व समस्या के निदान पर जोर दिया गया। उप महासचिव शिव शंकर सिंह ने बताया कि पिछले लगातार वर्षा से कई सेक्टरों में कर्मचारियों के क्वार्टर में पानी भर गया । इसका मुख्य कारण बैकलने की लंबे समय से सफाई नहीं होने व पानी बहाव के रास्तों पर अवैध निर्माण कर लेना है । बरसात की अभी शुरुआत हुई है अभी से लोग परेशान हैं।प्रबंधन जल्द हटाया जाए सफाई व अवैध निर्माण हटाए,ताकि लोगों के घरों में पानी ना घुसे । वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने कहा कि टाउनशिप प्रबंधन ने टारफेल्टिंग का काम शुरू तो किया है लेकिन अभी भी बहुत सारे क्वार्टरों में टाररफेल्टिंग नहीं होने से सीपेज की समस्या बनी हुई है ।

### कब्जों से पानी निकासी नहीं

महासचिव वंश बहादुर सिंह में बताया कि बारिश से सेक्टर 2,4,5,6 सहित अन्य सेक्टर में पानी भर गया। प्रबंधन ने सेक्टर 4 सहित अन्य सेक्टर में अवैध कब्जों को तोड़कर पानी निकलने का रास्ता बनाया लेकिन अभी भी सेक्टर 5 सहित कई सेक्टर में समस्या बनी हुई है ।जल्द ही प्रबंधन से मिलकर समस्या के निदान की मांग की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, डीजीएस रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह सहित जीआर सुमन, रेशम राठौर, ताम्रध्वज सिन्हा, किशोर प्रधान, एसपी सिंह, विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का गेस्ट हाउस किया सील



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तोड़ दस्ते ने गुरुवार को टाउनशिप में अवैध कब्जे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में हिंदुस्तान कांपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस की सील कर दिया गया। बेदखली कार्रवाई संपदा न्यायालय के आदेश 2 व 23 मई के आदेश पर की गई। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने सेक्टर 5, सड़क 4 आवास 2 -बी स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस को सील किया गया। यह कार्यवाही कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन एवं थाना कोतवाली, सेक्टर6 की पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। आवास सेके अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्यवाही की गई। इस दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही आवास में मौजूद सामानों को सूचीबद्ध करते हुए उनकी जब्ती बनाई गई। खाली कराए गए गेस्ट हाउस के आवास को सील कर दिया गया। पूरी कार्यवाही का पंचनामा रिपोर्ट गवाहों की मौजूदगी में तैयार किया गया ।

## पाटन के कॉलेजों में सीमित विषय, शहर जाना मजबूरी

**पाटन।** पाटन क्षेत्र उच्च शिक्षा के मामले में पिछड़ रहा है। यहां से पढ़े विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी पहुंच रखते हैं लेकिन यहां महाविद्यालयों में ऐसे बहुत से जरूरी पाठ्यक्रम की उपलब्धता नहीं है, जिनकी वजह से विद्यार्थी शहरों की ओर रुख करते हैं। यहां शासकीय महाविद्यालय पाटन , जाम गांव आर और रानीतराई संचालित हो रहे हैं ,परंतु यहां के छात्रों बीए, बीएससी, बीकॉम और पीजीडीसीए के अलावा अन्य विषयों की पढ़ाई नहीं हो रही है। स्थानीय छात्र बि. लिब , एम लिब, बीपीएड, एमपीएड एलएलबी, पॉलिटेक्निक ,संगीत और पत्रकारिता जैसे विषयों के पढ़ाई के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर ,बिलासपुर जैसे शहरों की की तरफ जाते हैं। जहां निजी कालेज में इन्हें मोटी फीस देना पड़ती है। पाटन मे शिक्षा का स्तर तो ऊंचा है, परंतु स्थानीय महाविद्यालयो पर इन विषयों का संचालन नहीं होता है, इस कारण यहां के छात्रों को भटकना पड़ता है। पाटन क्षेत्र के ग्रामीण छात्रों की मांग है कि क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय में इन विषयों का संचालन शुरू किया जाए, ताकि उन्हें कम फीस पर अच्छी शिक्षा मिल सके। पाटन ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के लोग शहरों में नहीं जा सकते जिसके लिए उन्हें स्थानीय महाविद्यालय में प्रवेश लेना पड़ता

## पेज 9 के शेष

### डीईओ ने कई स्कूलों का ...

बैजलपुर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। बैजलपुर में प्राचार्य संजय शर्मा सहित सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए। यहां 391 में 348 छात्र छात्राएं उपस्थित पाये गये। जिला शिक्षा अधिकारी में उपस्थित को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैजलपुर में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य सहित पूरे संस्था के व्याख्याताओं को समय पर उपस्थित होने, और पठन पाठन का निर्देश देते हुए वार्षिक परीक्षा में 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चों को जिला एवं राज्य स्तर पर प्रावीण्य सूची में लाने का प्रयास करने को निर्देशित किए। हाईस्कूल निनवा में निरीक्षण के दौरान बच्चों से पढ़ाए जा रहे विषय के बारे में प्रश्न किए। जिसका बच्चों ने उत्तर भी दिया। हाईस्कूल निनवा में पांच में से चार शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। एक शिक्षिका संगीता दुबे संतान पालन अवकाश पर है। यहां पर बच्चों की दर्ज संख्या 213 में से 147 ही छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने प्राचार्य को निर्देशित किया गया।

### एग्रीस्टैक माध्यम से ...

गया है। खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टैक की फार्मर रजिस्ट्री से एपीआई के माध्यम से लिया जाएगा, जो पूरी तरह से ई-केवाईसी आधारित होगा। इसी के साथ राजस्व विभाग द्वारा संधारित 'भुइयाँ पोर्टल' में दर्ज किसानों की भूमि जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को भी आधार सीडिंग के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है। वर्तमान में 85% भूमि रिकॉर्ड का आधार सीडिंग हो चुका है। शेष कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे कृषकों के पंजीयन और आधार सीडिंग के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय-सीमा में पूर्ण करें, जिससे जिले के सभी पात्र किसान समय पर पंजीकृत होकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर सकें। इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, दोहराव रहित पंजीयन संभव होगा और किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### डीएवी जांता के 8 छात्र ...

व रीजनल ऑफिसर प्रशान्त कुमार व सहायक क्षेत्रीय अधिकारी जॉन डी डॉ बी पी साहू सहित सभी ने इन युवा वैज्ञानिकों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं।

## जतिन दास की आकर्षक कलाकृति व उद्यान का निर्माण अंतिम चरण में

# इस्पातनगरी भिलाई की शान बढ़ाएगी लाइट ऑफ स्टील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश के प्रख्यात कलाकार जतिन दास की आकर्षक कलाकृति अब इस्पात नगरी के ह्दयस्थल की शान बढ़ाएगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम के निकट मैदान में निर्माणाधीन आकर्षक उद्यान स्टील आफ लिबर्टी नामक क्लासिक कलाकृति का निर्माण अंतिम चरण में है। जल्द ही खुद जतिन दास इसका उद्घाटन करने भिलाई आएंगे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास की कलाकृति के लिए भिलाई निवास के निकट मैदान में आकर्षक उद्यान का निर्माण किया जा रहा है। कला और बीएसपी के फौलाद उत्पादन के संगम पर केंद्रित उनकी संदेशपरक मोहक कलाकृति भिलाई के साथ अंचल को भी लुभाएगी। कलाकृति को स्थापित करने के लिए खुले स्पेस के बीच हरितिमा से परिपूर्ण उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है।

इसका तीन चौथाई निर्माण हो चुका है। स्वंय जतिन दास के मार्गदर्शन में कलाकृति उद्यान का नर्माण हो कराया जा रहा है। वे बीच बीच में इसका अवलोकन करने के लिए भी भिलाई आते हैं। आफ स्टील उद्यान का निर्माण कार्य पूर्ण होते जल्द ही वे इसके उद्घाटन के लिए भिलाई आएंगे।

### जल्द कलाकार जतिन करेंगे उद्घाटन



### सेक्टर 1 चौक से हुई स्थानांतरित

गौरतलब हो कि डेढ़ दशक पूर्व कलाकार जतिन दास से मार्गदर्शन में उनकी यह इक्विपमेंट नामक यह कलाकृति लाइट ऑफ स्टील सेक्टर 1 चौक में स्थापित की गई थी। इसके उद्घाटन के लिए भी बीएसपी ने कलाकार जतिन दास को आमंत्रित किया था। उनकी कलाकृति के स्थापाना के बाद से इस चौक का नामकरण इक्विपमेंट चौक किया गया था। लेकिन स्टील की पत्तियों व आर्टिकल से तैयार इस कलाकृति को आमजन बोलचाल की भाषा मुर्गा चौक कहने लगे। इस दौरान यहां बीएसपी के फ्लाइओवर का निर्माण होने से इस कलाकृति हटाना पड़ा। इसकी सूचना जतिन दास को मिलने पर उन्होंने सम्मानपूर्वक उनकी कलाकृति को यथोचित स्थल पर स्थापित करने बीएसपी से कहा था। उनका सम्मान करते हुए बीएसपी ने भिलाई निवास मैदान में उद्यान बनाकर उनकी कलाकृति को आकर्षक रुप से उन्हीं के मार्गदर्शन में उद्यान का निर्माण कर स्थापित कराया जा रहा है।

## शर्तों के आधार पर मिली शिव महापुराण कथा की अनुमति

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप के जयंती स्टेडियम में 30 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित होने वाली पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिव महापुराण कथा का आयोजन निर्धारित तिथि पर ही होगा। इसके लिए एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने अनुमति दे दी है। दुर्ग पुलिस ने एसडीएम पिस्दा को अनुमति ना देने के लिए एक पत्र लिखा था, जिसके आधार पर ऐसा लग रहा था कि आयोजन की अनुमति नहीं मिल सकती है। एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने बारिश के मौसम को देखते हुए 15 बिंदुओं पर समस्या बताते आयोजन की अनुमति ना देने के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद आयोजनकर्ता बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई के निवेदन पर उन्होंने एएसपी सिटी और सीएसपी के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कुछ शर्तों के साथ आयोजन की अनुमति दी गई है।

इन शर्तों को करना होगा पूरा

1- भक्तों की संख्या के आधार पर वाटरप्रूफ पंडाल लगाए जाएंगे।
2- सभा स्थल का हर एक कोना सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।
3- इलेक्ट्रिक वायर को मानक के मुताबिक लगाया जाएगा।
4- प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था होगी।
5- 8 से अधिक प्रवेश द्वार के साथ ही एक इमरजेंसी एग्जिट बनाना होगा।
6- सुरक्षा के पुख्ता इंजाम किए जाएंगे।
7- पेय जल और चलित शौचालय की व्यवस्था करनी होगी।

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 आत्मानंद विद्यालय के प्रवेशोत्सव में विधायक ने ...





10 सड़कों पर बारिश में अवरोध बने मटेरियल ...





स्थापना वर्ष 2014

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION

COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर

सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।

मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725

गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध

पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)

COURSES

BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years

DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years

DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years

DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years

CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years


## खबर संक्षेप

### प्राण घातक हमला करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** नौकरी से निकलवाने को लेकर उपजे विवाद में न्यू आदर्श नगर निवासी शक्ति पिता सुरेश निषाद (27 वर्ष) पर आरोपी विजय कुर्रे ने प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी ने कांच की बोतल से शक्ति के गर्दन पर वार किया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी विजय को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 16 जुलाई की है। शक्ति को आरोपी गालियां दे रहा था। घर के सामने कहा कि तुम मुझे बबलू सेठ के यहां से काम से हटवा दिए हो। पास में पड़े कांच के बोतल से गर्दन पर हत्या करने के नीयत से हमला कर दिया था। आरोपी घटना के बाद से फरार था। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया।

### मजदूर दिलाने के नाम पर 34 लाख की ठगी

**भिलाई।** ईंट भट्ठे में काम करने के लिए मजदूर दिलाने के नाम पर दो लोगों से 34.67 लाख की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने तीजराम पिता सोतन केवट, निवासी सुनसुनिया और कमल सिंग पिता जगेसर निषाद पैसर तहसील लवन बालौदाबाजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीसेगांव निवासी नीलकंठ कुंभकार 62 वर्ष ने जानकारी दी कि तीजराम केवट और कमल सिंग निषाद उसके पास आए। तीजराम ने ईंट भट्टा में मजदूर उपलब्ध कराने 12 किश्तों में 10,35,000 रुपए लिए। वहीं कमल सिंग निषाद ने 9,32,000 रुपए लिए। दोनों ने कोई भी मजदूर उपलब्ध नहीं कराया। इसी प्रकार अभिषेक चक्रधारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि तीजराम केवट ने आवेदक अभिषेक चक्रधारी के ईंट भट्टा में मजदूर उपलब्ध कराने के लिए आवेदक से कुल 11 किश्तो में कुल 15 लाख रुपए लिया गया।

### नकली सोने के जेवरात थमाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** ज्वेलरी शॉप में पहुंचकर असली सोने की जेवरात की जगह नकली थमाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी विरार वेस्ट बोलिंज महाराष्ट्र का रहने वाला नरेन्द्र पिता नंदलाल महेश्वरी उम्र 67 साल बताया गया है। उसने पहले छावनी थाना अन्तर्गत मनोज पिता राजेन्द्र जैन की सहेली अलंकरण जवाहर मार्केट पावर हाउस और पवन सोनी की न्यू अभिषेक ज्वेलर्स सर्कुलर मार्केट की रैकी की।

दारगांव-मोहलाई मार्ग पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा आपत्ति पत्र

# ठेंगाभाठ में प्रस्तावित शराब भट्टी के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ठेंगाभाठ में प्रस्तावित शराब भट्ठी खोलने के निर्णय के खिलाफ ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया। दारगांव-मोहलाई मुख्य मार्ग पर आयोजित बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और एक सुर में प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की।

ग्राम पंचायत ठेंगाभाठ की सरपंच सुनंदा धनकर ने कहा कि गांव में पहले से ही शराब की अवैध बिक्री एक समस्या बनी हुई है। यदि यहां वैध शराब भट्ठी खोल दी गई, तो युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने बच्चों को नशे के गर्त में नहीं देखना चाहते। जनप्रतिनिधि अजय सिंह राजपूत ने कहा कि शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। वहीं धौराभाठा के उपसरपंच किशन साहू ने कहा कि यदि यह दुकान खुली तो पूरा क्षेत्र प्रभावित होगा और युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

### हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

विरोध के दौरान ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी मांग नहीं मानी तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने शांति के साथ जनहित में संघर्ष जारी रखने की बात कही। उपसरपंच एन.के. तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत ठेंगाभाठ को नशा मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने शराब भट्ठी खोलने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।

### इन जनप्रतिनिधियों की रही प्रमुख उपस्थिति

इस विरोध प्रदर्शन में दारगांव, मोहलाई, धौराभाठा और ठेंगाभाठ ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सरपंच प्रतिनिधि रामखेलावन धनकर, उपसरपंच परेटन धनकर, पंच अशोक सिंह राजपूत, पोषण दास टंडन, मेघूराम साहू, इंद्राणी बाई साहू, अमेरिका भाई, कोतीबाई साहू, गंगोत्री डेहरे, शांतिबाई साहू, प्रेमिन साहू, सेवकराम चौहान, मनहरण भारती, बिशनबाई टंडन सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# डीईओ ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण, छात्र संख्या बढ़ाने के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ पीएम श्री स्कूल उघरा, बैजलपुर और निनवा का किया आकस्मिक निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा शुक्रवार पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला उघरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर एवं हाईस्कूल निनवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उघरा में जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से गणित, विज्ञान के जुड़े हुए प्रश्न पूछे एवं पहाड़ा सुने। बच्चों ने बहुत सहजता से उत्तर भी दिए। बच्चों को पुस्तक, गणवेश वितरण की जानकारी लिए। शिक्षकों को शाला समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य कराने का निर्देश दिए। वही नवीन भवन उघरा जो लगभग पूर्ण हो गया है उसके लिए आरईएस जिला इंजीनियर से विद्यालय बुलाकर चर्चा भी किए। जिससे एक सप्ताह के भीतर साफ सफाई करवाकर शाला संचालन का निर्देश प्रधान पाठक को दिए। जिससे बच्चों को जल्द ही नवीन भवन में पढ़ने का अवसर मिलेगा। पीएम श्री स्कूल उघरा में शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण गतिविधि को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिए। वृक्षारोपण कराने, बालवाड़ी को संचालित करने का भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया।इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ▸▸| शेष पेज 10 पर

# विश्व जनसंख्या दिवस पर गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ विधिक सेवा प्राधिकरण का शालाओं व ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कार्यक्रम



विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा शुक्रवार को शासकीय स्कूलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2025 के तहत किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन एवं सचिव निधि शर्मा के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजकुड़ी में किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए जनसंख्या वृद्धि, परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य एवं मानव अधिकार जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान प्रोजेक्टर व इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित विभिन्न कानूनों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम, किशोर न्याय अधिनियम ड्रग मुक्त भारत अभियान, नवीन मोटरयान अधिनियम और घरेलू हिंसा अधिनियम शामिल थे। कार्यक्रम में संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में तालुका विधिक सेवा समिति साजा द्वारा ग्राम गाड़ाभाठ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल बेमेतरा द्वारा ग्राम सल्धा तथा लीगल एड क्लिनिक प्रतापपुर के अधिकार मित्रों द्वारा भी विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

ग्राम बिरनपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक ईश्वर साहू ने किया

# बिरनपुर में पानी टंकी का भूमिपूजन हुआ,14 गांव को मिलेगा मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा



विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनपुर में शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत बनने वाले पानी टंकी निर्माण एवं कुमहीगुडा शिवनाथ नदी से 55 किलोमीटर पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन समारोह सम्पन्न हुआ।

विधायक साहू ने पूजा अर्चना के साथ जल संरचना के लिए भूमि पूजन किया इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह केवल एक पानी की टंकी नहीं है, यह स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान के साथ जीने का आधार है। वर्षों से ग्रामीणजनों को स्वच्छ पेयजल के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शिवनाथ नदी के मीठे जल से गांव के 14 ग्रामों के लोगों को शुद्ध जल की सुविधा मिलेगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'हर घर जल' संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह पानी टंकी गांव में बीमारियों को रोकने का माध्यम बनेगी और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

हमारा निरंतर प्रयास है कि साजा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों — चाहे वह पानी हो, सड़क हो, शिक्षा या स्वास्थ्य उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयसीमा के भीतर पूर्ण हो।जल जीवन मिशन के तहत यह पहल क्षेत्र में जीवन गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल पेयजल की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र के संपूर्ण सामाजिक स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा।ग्राम बिरनपुर में जल जीवन मिशन के तहत कुम्हिगुडा समूह जल प्रदाय अंतर्गत रु 90 लाख लागत के 400KL क्षमता एवं 30 मीटर स्टेजिंग के उच्च स्तरीय जलागार निर्माण होगा। योजना अंतर्गत शिवनाथ नदी के पानी का शोधन कर इस जलागार से बिरनपुर के आस पास के 14 ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जावेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि गोविंद पटेल, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष राजा ब्लॉक साहू, नागेश्वर वर्मा, जनपद सदस्य श्री नेतराम साहू, कैलाश जीवन वर्मा, सरपंच त्रिलोकी साहू, लुकराम साहू, मनीराम सिन्हा, भागवत वर्मा सहित विभाग के एस डी ओ अनिल लुणडारे इंजीनियर लक्ष्मी देवांगन साजा पी एच ई संदीप प्रधान इंजीनियर डीएल वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणजन, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**इन गांवों को मिलेगा फायदा :** बिरनपुर ढाप कोगियाकला खैरी नवागांव खुर्द चोर भट्टी चिल्फी बेदरची केहका पिपरिया कोरवाय करमतरा लोलेसरा के ग्रामीणों को मीठा पानी मिलेगा ।

चेन्नई में 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे पर होगा सम्मान समारोह

# डीएवी जांता के 8 छात्र यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से होंगे पीएमओ से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ देशभर से 5 हजार विद्यार्थियों में से केवल 87 का चयन हुआ



**सम्मानित होने वाले विद्यार्थी** : कक्षा दसवीं से आशुतोष द्विवेदी कोदवा, डॉली चंद्राकर कृतबाधा, शिवम चंद्राकर कोइलारी, कक्षा नवमी से रूद्र चन्द्राकर सूखाताल, लक्ष्मण चंद्राकर जांता,दुष्यन्त देवांगन दाढ़ी चेतन साहू कन्हेरा एवं कक्षा आठवीं निहारिका ठाकुर दाढ़ी।

जिले के डीएवी स्कूल जांता के 8 छात्र यंग साइंटिस्ट इंडिया अवॉर्ड के लिए चयनित हुए हैं। 23 अगस्त को चेन्नई राजभवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री कार्यालय और शिक्षा मंत्रालय की उपस्थिति में इन छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन स्पेस किड्स इंडिया और यंग साइंटिस्ट इंडिया के तत्वावधान में चंद्रयान-3 की सफलता के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। देशभर से 5 हजार विद्यार्थियों में से केवल 87 का चयन हुआ है, जिनमें सबसे अधिक 8 छात्र डीएवी जांता से हैं।

बेमेतरा_डीएवी स्कूल जांता के 8 छात्र युवा वैज्ञानिक के लिए चयनित हुए। नेशनल स्पेस डे 23 अगस्त को चेन्नई के राजभवन में आयोजित 11वी यंग सायंटिस्ट इंडिया अवार्ड सेलिब्रेशन में पीएमओ के हाथों होंगे सम्मानित। जिले के इकलौते डीएवी स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर से इतिहास रचा दिया है। दरअसल 23 अगस्त को स्पेश डे के उपलक्ष्य में चेन्नई में 11वी यंग सायंटिस्ट इंडिया अवार्ड सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डीएवी जांता के 8 बच्चे का चयन यंग साइंटिस्ट के केटेगिरी में चयनित हुआ है।भारत भर के विभिन्न संस्थानों में से सर्वाधिक जाता से हुआ है। डीएवी के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि स्पेश किड्ज इंडिया व यंग सायंटिस्ट इंडिया के प्रमुख डॉ केसन के नेतृत्व में चंद्रयान 3 की सफलता को यादगार बनाने प्रति वर्ष 23 अगस्त को स्पेस डे के रूप मनाया जाता है।आयोजन के मुख्य अतिथि पीएमओ भारत सरकार व शिक्षा मंत्रालय होंगे।देश विदेश के वैज्ञानिको, अंतरिक्ष यात्री, भारत सरकार व तमिलनाडु सरकार के प्रमुख इस आयोजन में उपस्थित रहेंगे।उन्हीं की मौजूदगी में चयनित छात्रों को स्पेस किड्स इंडिया व यंग साइंटिस्ट इंडिया सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा।

### 5 हजार में से 87 का चयन, प्रतिभा के आधार पर

यंग साइंटिस्ट इंडिया के आयोजन में देश भर के 28 राज्य से लगभग 5 पाँच हजार छात्र-छात्राओ ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें स्पेस थीसिस पर आधारित इनोवेशन नवाचार पर संलग्न रिपोर्ट और कई राउंड की प्रतियोगिता में सफलता के बाद प्रतिभा के आधार पर केवल 87 छात्र- छात्राओं का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है,जिनमें से सर्वाधिक 8 जांता के हैं, डी ए वी जांता ,के प्राचार्य पी एल जायसवाल, साइंस शिक्षिका आयुषी, जैन गोविंद साहू, विमल साहू व अभिषेक दुबे आदि सभी ने देश के प्रधानमंत्री द्वारा चला रहे सबसे बड़े बीड़ा आत्मा निर्भर भारत व नवाचार को मिशाल बनाकर स्कूली बालक बालिकाओ को प्रेरित कर युवा वैज्ञानिक बनने तक हर सम्भव मार्गदर्शन किए हैं। ये बच्चे भविष्य में देश के सबसे बड़े वैज्ञानिक बनने व देश के नाम रोशन करने के दिशा में आगे बढ़ रहें हैं,

इस बड़ी उपलब्धि के लिए जिला से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, ब्लाक शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, शिक्षा विभाग बेमेतरा, छत्तीसगढ़ डी ए वी संस्थान प्रमुख ▸▸| शेष पेज 10 पर

# एग्रीस्टैक माध्यम से किसान आईडी बनाना जरूरी, पंजीयन अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें

आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए राज्य शासन ने एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसान पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत प्रदेश भर के किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे कि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिल सके।

पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। एग्रीस्टैक के माध्यम से किया गया पंजीयन ई-केवाईसी युक्त होता है, जिससे दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है और किसानों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है। राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है ताकि कृषकों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। इसके लिए राज्य शासन के द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष 01 जुलाई से 31 अक्टूबर तक संचालित की जाती है। इस वर्ष भी खरीफ सीजन के लिए यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस बार कृषक पंजीयन हेतु कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय को सुदृढ़ किया ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### सामान्य सभा की बैठक में कई निर्णय

**मुसरा।** ग्राम पंचायत मुसराकला में सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम पंचायत प्रतिनिधियों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। बैठक में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए समीक्षा किया गया जिसमे मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण- अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। सोख्ता फिट निर्माण पर ध्यानाकर्षण किया गया। बैठक में व्यवसायिक परिसर से संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र में जलभराव को देखते हुए मुरुम अथवा डस्ट बिछाने पर सहमति बनी। सरपंच गायत्री शिव टेम्भुरकर ने पंचो, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख एवं जनपद सदस्य को नेम प्लेट आबंटित किया।

### चाकू दिखाकर डराते एक गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** पुलिस ने धारदार चाकू से लोगों को डराते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 10 जुलाई को सूचना मिला कि एक व्यक्ति मेला ग्राउण्ड रानी अंवतीबाई मुर्ति पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर आरोपी अनिल हठिले पिता स्व. दीपक हठिले निवासी रविदास नगर मोचीपारा डोंगरगढ़ चाकू के साथ रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके पूर्व आरोपी के विरूद्ध मारपीट, लड़ाई झगड़ा के 3 मामले दर्ज हैं।

### प्रयास विद्यालय में चयनित छात्रों का सम्मान

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय संडी से गुरूवार को प्रयास विद्यालय में चयनित छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार थी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, ओमप्रकाश वर्मा, कैलाश वर्मा, बिसेसर वर्मा, खेलन वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान प्रयास विद्यालय में अध्ययन के लिए चयनित इंद्राणी जंघेल, ज्योति जंघेल, विकास कुमार धुर्वे तथा पियुष जंघेल को सम्मानित किया गया। छात्रों को निशुल्क कोचिंग देने वाले शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल को भी सम्मानितत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में प्रकाश वर्मा, प्रकाश कुमार, प्राचार्य संतोष नेताम, प्यारेलाल साहू, उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, गौतम जंघेल, देवदास माण्डले सहित अन्य शामिल हुए।

### शराब दुकान के पास प्लास्टिक कचरे के अंबार से परेशानी

**गंडई।** गंडई नगर में सरकारी शराब दुकान के समीप प्लास्टिक कचरे का ढेर पर्यावरण और किसानों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। प्रशासन की उपेक्षा के कारण यह गंदगी लगातार बढ़ते जा रही है। बारिश होने पर यह कचरा बहकर खेतों में जा रहा है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले तक शराब दुकान के आसपास दर्जनों चखना दुकानें संचालित होती थीं। यहाँ शराब पीने वाले डिस्पोजेबल गिलास, पानी पाउच, प्लास्टिक थाली और प्लेट का उपयोग कर कचरा मौके पर फेंक देते थे। जिसका परिणाम है कि शराब दुकान के 200 मीटर के दायरे में प्लास्टिक का ढेर लग गया है। अब अवैध चखना दुकानों को हटाकर ठेके पर अहाता शुरू कर दिया गया है।

---

**आयोजन**

### शाला प्रवेश उत्सव में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

# आत्मानंद विद्यालय के प्रवेशोत्सव में विधायक ने बांटी 23 सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का मन मोह लिया।सांस्कृतिक कार्यक्रम देने वालों बच्चों का उत्सावर्धन करते हुए सम्मान राशि भेंट की 1 विद्यालय की प्राचार्य कविता वाजपेई ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा ऐतिहासिक परिवर्तन
- नवप्रवेशी छात्रों को गणवेश व पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं

साथ ही उन्होंने विद्यालय में नाली निकासी की समस्या, मैदान समतलीकरण और जर्जर भवन की मरम्मत अथवा नवीन निर्माण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने 23 छात्राओं को स्वरस्वती साईकिल योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल प्रदान की गईं तथा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर एवं मिठाई खिलाकर उत्सवपूर्वक स्वागत किया गया। उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया।1 कार्यक्रम मे विद्यालय मे उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वालों बालिकाओं को प्रसस्ती पत्र भेटकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही:** नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि —प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के वरिष्ठ नेतृत्व की मंशा के अनुसार प्रदेशभर के विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के आत्मबल और उल्लास को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।"उन्होंने छात्रों से माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से शिक्षा पथ पर आगे बढ़ने की अपील की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत की गई कलाओं को जीवन में अपनाने का सुझाव भी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने नालंदा परिसर ,केंद्रीय विद्यालय और निःशुल्क कोचिंग जैसे योजनाओं के लिए विधायक श्री साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के अंत में सहयोगी संस्था प्रमुख सुभाष चौबे और सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल किशोर देवांगन, पार्षद पंचू साहू, चांदनी रोशन दत्ता, लक्की साहू, विकास तंबोली, नीतू कोठारी, रवि मुलवानी, सिमरन ताम्रकार ,हर्षवर्धन तिवारी ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रेम लता नेमा गुप्ता, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष दोहाई वर्मा, धर्मेन्द्र साहू, मीनू पटेल, सीलू साहू, अनिल रजक, परमेश्वर साहू, राकेश वर्मा, राजीव तंबोली, विद्यालय के शिक्षकगण सुनील झा, नजीर अली, आरू साहू, योगेंद्र वर्मा, प्रमोद ठाकुर, पी.एस. राजपूत, रामेश्वर बंजारे, सपना तिवारी, सावित्री वर्मा, रेणुका अग्रवाल, नरेंद्र देवांगन, सुनीता बंजारे, कौशल वर्मा, राखी सोनी, हीरेन्द्र साहू, नीता गायकवाड़ आदि उपस्थित रहे।



#### आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि —प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को रुचि आधारित, कौशल आधारित शिक्षा दी जा रही है जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके।"उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन, परिश्रम और सोशल मीडिया से दूरी जैसे विषयों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि —जब तक आप खुद आगे नहीं बढ़ेंगे, कोई और आपको आगे नहीं बढ़ा सकता। सरकारी स्कूलों के बच्चों ने देश-दुनिया में टॉप कर यह साबित कर दिया है कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है।"पूर्व में शिक्षक रहे विधायक श्री साहू ने कहा कि उन्होंने जन सेवा के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया और शिक्षा व युवा कल्याण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय के भवन निर्माण हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा छात्रों की मांग पर किसी भी प्रकार की शैक्षणिक आवश्यकता को प्राथमिकता देंगे। विधायक ने यह भी बताया कि बेमेतरा को 6 करोड़ रुपए की लागत से भव्य 'नालंदा परिसर' लाइब्रेरी, केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिली है, साथ ही छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना की गई है जिससे ग्रामीण व किसान परिवारों के होनहार विद्यार्थियों को सुविधा मिल रही है।

---

# श्रीराम कृष्ण मंदिर नवागढ़ में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



श्रीराम कृष्ण मंदिर, नवागढ़ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ से हुई, जिसमें नगर व आसपास के भक्तों ने भाग लिया। रामचरितमानस के पाठ से मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

रामायण पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात गुरु पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं को पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने की।

- संतों की दिव्य वाणी और नगरजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने बढ़ाया आयोजन का गौरव

महोत्सव में डोंगरिया मठ से पधारे महंत हरिशंकर दास, बेमेतरा के महंत सुखदेव दास शास्त्री, थान खम्हरिया के महंत बसंत दास शास्त्री, स्वेतगंगा से पधारे महंत राधेश्याम महाराज एवं पवन दास की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही आत्मा का परम पथप्रदर्शक होता है, जिसके बिना जीवन अधूरा है। इस आयोजन में नगर के प्रमुख नागरिक एवं श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुजारी गंगादास, व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन, बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, रूपप्रकाश यादव, जेजी गोस्वामी, कुमार वर्मा, अमित जैन, अरुण बरनवाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, रमेश चौहान एवं दिवाकर ठाकुर, रिंकू चौहान, की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। इसके अलावा भुनेशवरी वर्मा, परी नायक, हेमलता साहू, भूमि शर्मा, कवि निशा नैना, विवेक मिश्रा, पीहू बादल, कुमार वर्मा, बॉबी वर्मा एवं गुलाब पाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति, स्थानीय स्वयंसेवकों एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

---

# कार्यशाला में प्रशिक्षण भी मिला मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स प्रमाणन की तैयारी के लिए तथा मातृ स्वास्थ्य व शिशु स्वास्थ्य में प्रशिक्षण 7 से 11 जुलाई तक सीएमएचओ कार्यालय प्रशिक्षण हाल में जिले स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे जिले में स्थित प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, स्टाफ नर्स, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सहित 194 कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और भविष्य में इस तरह के प्रशिक्षण को निश्चित अंतराल पर करने के लिए अनुरोध किया जिससे भविष्य में उनकी समय समय पर क्षमता वृद्धि हो । जिसमें यूनिसेफ छत्तीसगढ़ से डॉ गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ के मार्गदर्शन, व डॉ अक्षय तिवारी एवं तकनीकी टीम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। प्रशिक्षण का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहडेलकर, डॉ अशोक बंसोड़ जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बी एल राज, डॉ शरद जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ दीपक कुमार निराला पीडियाट्रिक,जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, हिना सिन्हा, अमित जिला प्रशिक्षण समन्वयक में हुआ। इस मौके पर अधिकारियों ने टीम भावना को बढ़ावा देते हुए सभी कर्मचारियों को प्रेरित किया और जिले स्तर से भरपूर सहयोग के लिए आश्वस्त किया । उनकी प्रतिबद्धता और सहयोग से सभी कर्मचारियों में राष्ट्रीय मूल्यांकन को लेकर हर्ष का मौहाल है।

- बेमेतरा जिले में गुणवत्ता प्रमाणीकरण की तैयारी अग्रसर, यूनिसेफ की भूमिका रही अहम

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की टीम ने 7 से 11 जुलाई के बीच कार्यप्रवाह का मूल्यांकन किया और स्टाफ को प्रशिक्षण एवं फीडबैक प्रदान किया। उनकी गाइडलाइन आधारित तकनीकी सलाह से स्टाफ में आत्मविश्वास बढ़ा है और गुणवत्ता सेवा वितरण के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई है। यह पहल अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत करती है1




---

# सिंघौर स्कूल एसएमसी के नारद बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में सत्र का प्रथम बैठक आयोजित किया गया।बैठक की मुख्य बिंदू शाला प्रबंधन एंव विकास समिति का चयन था।जिसमे नारद साहू अध्यक्ष, बादल वर्मा उपाध्यक्ष, पोषण वर्मा शिक्षाविद,मीनाक्षी शर्मा सचिव, सरस्वती साहू कोषाध्यक्ष, शशिकला यादव संयोजक सहित सम्मन वर्मा,कमल मानिकपुरी, कैलाश श्रीवास, अश्वनी मानिकपुरी, नेहा वर्मा,उषा श्रीवास, सविता देवार, दुर्गा यादव,मालती लहरी को सदस्य के रूप में चयन किया गया। विशेष अतिथि सदस्यों में कन्हैयालाल वर्मा,युगल देवांगन, गायत्री सोनी,दुहाई वर्मा,भानुप्रताप साहु को चयन किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष नारद साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि स्कूल की समस्या मेरी समस्या है इन समस्याओं का निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।समिति द्वारा बच्चों की पढ़ाई,स्तर एंव मध्यान्ह भोजन का भी अवलोकन किया गया। उक्त बैठक के दौरान प्रकाश ठाकुर पार्षद,तोकेश्वर साहू पार्षद, नीतू कोठारी पार्षद,युगल देवांगन अध्यक्ष शहर मंडल भाजपा, गजाधर साहू,धनीराम बंजारे,देवेंद्र साहू,पूनम साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे सहित पालक उपस्थित रहे।

---

## सुरहोली की शालाओं में प्रबंधन समिति गठित



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरहोली के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला को युक्तिकरण कर शाला प्रबंधन समिति गठित किया गया। जिसमें प्रेमचंद साहू अध्यक्ष व उपाध्यक्ष विकास टंडन, सदस्य कमल रावत, गुनित पाटिल, बंशी रावत, चंदूलाल यादव, डालेंद्र चौहान, हिमाल्या पाटिल, दिगेश्वरी साहू, दशोदा गायकवाड, माया वर्मा, लक्ष्मी साहू, रीना बंजारे, संतोषी बघेल को अभिभावकों द्वारा सर्व सम्मति से समिति का सदस्य बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रहलाद वर्मा जनसेवक, रामू पाटिल, चितरेखा पाटिल, प्रधान पाठक महेश सेन, प्राइमरी एचएम, टीपी दिवाकर, रोहित ठाकुर, रिपुसुदन देवांगन, नीरज नायक, डमरूधर साहू, टोमेश्वरी धनकर, मालती साहू उपस्थित रहे। इस संबंध में प्रधान पाठक महेश सेन पानी की समस्या एवं एक शिक्षक की कमी के बारे में अवगत कराया। वही प्रहलाद वर्मा ने बीईओ बेरला से बात कर पानी की समस्या एवं शिक्षक की कमी को तत्काल दूर करने का आश्वासन दिया।

---

## महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण अनुदान के लिए पस्ताव आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सक्रिय स्वैच्छिक संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। शासन द्वारा अनुदान नियम 2005 के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली शिक्षित, बेरोजगार महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, उन्हें स्वावलंबी बनाना एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। परिशिष्ट-16 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संगठन, विश्वविद्यालयों, महिला पॉलीटेक्निक, महिला आईटीआई अथवा अन्य मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय प्रशिक्षण संस्थानों से समन्वय कर महिलाओं को विभिन्न ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध करा सकते हैं।

जिले में कार्यरत वे स्वैच्छिक संस्थाएं जो महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त हैं और उक्त उद्देश्यों के अनुरूप प्रशिक्षण गतिविधियों के संचालन में रुचि रखती हैं, वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्ताव तैयार कर सकते हैं। इसमें लाभान्वित होने वाली हितग्राही महिलाओं की सूची भी अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। प्रस्ताव जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय, बेमेतरा (कोबिया चौक, रजिस्ट्री कार्यालय के पास) में नियत प्रारूप एवं निर्धारित नियमों के अनुसार जमा करना सुनिश्चित किया जाए।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी संस्था तब तक प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन प्रारंभ न करे जब तक विभागीय स्वीकृति प्राप्त न हो जाए। बिना अनुमोदन के प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस योजना की विस्तृत जानकारी, नियमावली अथवा प्रस्ताव संबंधी मार्गदर्शन हेतु इच्छुक संस्थाएं जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय, बेमेतरा से संपर्क कर सकती हैं। यह पहल जिले में महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इच्छुक संस्थाओं से समय रहते प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

---

## हसदा शाला में सरपंच ने कराया न्योता भोज



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत हसदा सरपंच चन्द्रशेखर परगनिहा के द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हसदा में वृक्षारोपण करने के बाद बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच चन्द्रशेखर परगनिहा, नारद नायक प्रधानपाठक हसदा, सम्पूर्ण स्कूल स्टाफ, सचिव संतोष वर्मा,आरती ध्रुव रोजगार सहायक, संगीता परगनिहा पटवारी हसदा, उपसरपंच ओमप्रकाश सिन्हा, पंचगण राजेश परगनिहा, सुरेश साहु, पार्वती सिन्हा, प्रेमिन पाल, विघनेश्वर बंजारे, शिवा चंद्रवंशी, प्रदीप परगनिहा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कांशीराम धीवर का भी जन्मदिवस साथ मिलकर मनाया गया।

---

### गुरु पूर्णिमा पर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल

# गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर सहित नगर के विभिन्न स्थलों पर गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ गुरुजनों का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री अशोक अग्रवाल के निवास में परम पूज्य आचार्य पं. संतोषी लाल पाराशर जी का गुरु पूजन एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्य जी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा – /"गुरु बिना न तो ज्ञान संभव है, न कर्म की दिशा और न ही जीवन का सार। गुरु ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर सत्य की ओर ले जाते हैं।/"इसी क्रम में राधाकृष्ण जमात मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा का विशेष आयोजन किया गया, जहां दंतेश्वरी मानस मंडली, शिव शक्ति महिला मंडली एवं ग्राम दर्री स्व सहायता समूह द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किए गए। बीच-बीच में कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे द्वारा भक्तों को आशीर्वचन व प्रवचन दिए गए। उन्होंने कहा – /"आज के भौतिक युग में भी यदि कोई सच्चा मार्गदर्शक है, तो वह गुरु ही है।/" नगर के विभिन्न मंदिरों, आश्रमों व निवासों में भजन, कीर्तन, गुरु वंदना एवं प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुए। शिष्यों ने गुरुजनों को दक्षिणा, वस्त्र एवं भोग अर्पित कर कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास, महेन्द्र विरदी, अनिल सिंघानिया, संतोष लाल सिंघानिया, मानस संघ ब्लाक अध्यक्ष भरत साहू, सुरेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, होरीलाल पाल, संतोषी कुंभकार, पूजा सिंह, मीना नामदेव, गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, कमल किशोर शर्मा, राज शर्मा, शिवेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर में गुरु-शिष्य परंपरा के इस पवित्र पर्व को पूर्ण श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वातावरण में भक्ति, प्रेम और गुरु के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से महसूस की गई।



